**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम-गुरूवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-1 का उत्तर-**

------------------------------------------------------------

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि विभाग द्वारा दिनांक-01 जनवरी 2024 से दिनांक- 15 मार्च 2025 तक प्रयागराज और झॉसी मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जिला चिकित्सालयों में कब-कब शासन स्तर व मुख्यालय स्तर पर नियुक्त कार्मिकों का निरीक्षण किया गया है? | **प्रयागराज मण्डलः-** विभाग द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 15 मार्च, 2025 तक प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत आने वाले जिला चिकित्सालयों में शासन स्तर व मुख्यालय स्तर द्वारा चिकित्सालय वार निरीक्षण का विवरण निम्नवत हैः-<br>**मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय (कॉल्विन), प्रयागराज** में दिनांक 30.09.2024 को निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र० लखनऊ द्वारा, दिनांक 21.10.2024 को मेलाधिकारी, महाकुम्भ मेला, प्रयागराज व प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा तथा दिनांक-23.12.2024 को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र० लखनऊ द्वारा निरीक्षण किया गया ।<br>**टी०बी० सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज** में दिनांक-23.12.2024 को महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा तथा दिनांक-05.01.2025 को प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ व अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया।<br>**जिला महिला चिकित्सालय, प्रयागराज** में दिनांक-18.10.2024 को अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज तथा दिनांक-21.10.2024 को प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा चिकित्सालय का |

निरीक्षण किया गया।

**2. झाँसी मण्डलः-** विभाग द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2024 से दिनांक 15 मार्च, 2025 तक झाँसी मण्डल के अन्तर्गत आने वाले निम्नलिखित जिला चिकित्सालयों में शासन स्तर व मुख्यालय स्तर द्वारा निरीक्षण किया गया जिनका विवरण निम्नवत है:-

**जिला चिकित्सालय झांसी** में मार्च 2025 को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ सम्प्रति सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया।

**जिला महिला चिकित्सालय, झांसी** में दिनांक 22.03.2025 को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ सम्प्रति सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया।

उक्त के अतिरिक्त मण्डल स्तर पर अपर निदेशक की तैनाती की जाती है। अपर निदेशक तथा उनके द्वारा नामित वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों द्वारा समय-समय पर जनपदों के सभी जिला चिकित्सालयों का निरीक्षण किया जाता है तथा पायी गयी कमियों का निराकरण सुनिश्चित किया जाता है।

**(ख) क्या निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालयों में कोई खामियां भी पायी गयी है?**

**मोती लाल नेहरू मण्डलीय चिकित्सालय (कॉल्विन), प्रयागराज** में प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन के निरीक्षण दिनांक-21.10.2024 में पाया गया कि चिकित्सालय में आई0सी0यू0 विभाग का संचालन नहीं हो सका है। तत्क्रम में प्रमुख सचिव के निर्देशों पर तत्काल पूर्व निर्मित कार्डियक केयर यूनिट को 04 बेड के आई0सी0यू0 में परिवर्तित कर समस्त आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए पहले से आई0सी0यू0 प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को तैनात

कर आई0सी0यू0 संचालित कर दिया गया।

उक्त के अतिरक्ति चिकित्सालय में 14 डीलक्स प्राईवेट वार्ड का संचालन किया गया। पूर्व में चिकित्सालय में मात्र 02 बेड की इमरजेंसी उपलब्ध थी, जिसे बाद में 10 बेड इमरजेंसी समस्त आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित कराकर इमरजेंसी संचालित कर दी गयी। इमरजेंसी वार्ड में चेस्ट पेन के मरीजों के लिए स्टेमी वार्ड का संचालन भी किया जा रहा है तथा सुबह-शाम प्रतिदिन चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण सक्षम अधिकारियों द्वारा रोस्टर बनाकर सम्पादित किया जाता है।

**टी0बी0 सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज** में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 के निरीक्षण दिनांक-23.12.2024 में चिकित्सालय के वार्ड में साफ-सफाई की व्यवस्था तथा गेट पर बोर्ड ठीक न होने पर उन्हें सही किये जाने का निर्देश दिया गया। उक्त कमियों का निराकरण तत्काल सुनिश्चित कराया गया।

प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 तथा मण्डलीय अपर निदेशक के संयुक्त निरीक्षण दिनांक-05.01.2025 में प्राईवेट वार्ड, किचन के कार्य मानक के अनुसार न पाये जाने पर उन्हें ठीक कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिसका अनुपालन सुनिश्चित करा लिया गया है।

**जिला महिला चिकित्सालय, प्रयागराज** में प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0 शासन के निरीक्षण दिनांक-21.10.2024 में 100 बेड एम0सी0एच0 विंग, प्रयागराज के प्रवेश द्वार पर वाहन को रोकने हेतु बैरीकेटींग सही नहीं थी, जिसे सही कराया गया।

**जिला चिकित्सालय, झॉसी** में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ सम्प्रति सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, उ0प्र0 शासन के निरीक्षण में ब्लड बैंक के 02 उपकरण क्रियाशील नहीं पाये गये जिन्हें निरीक्षण के उपरांत क्रियाशील

| | |
|---|---|
| | करा दिया गया तथा ब्लड कलेक्शन वैन का बीमा न होने के कारण अक्रियाशील थी, जिसे क्रियाशील करा दिया गया।<br>**जिला महिला चिकित्सालय, झाँसी** में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, लखनऊ सम्प्रति सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, उ0प्र0 शासन के निरीक्षण में पाया गया कि चिकित्सालय में 12 बेड के एस0एन0सी0यू0 के सापेक्ष 09 बेड संचालित थे तथा सी0 पैप मशीन संचालित नहीं थी। निरीक्षण में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सभी 12 बेडों को क्रियाशील करा दिया गया तथा दोनों सी0 पैप मशीन भी संचालित करा दी गयी। |
| **(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?** | उपर्युक्तानुसार। |
| **(घ) यदि नहीं, तो क्यों?** | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**

**उप मुख्यमंत्री।**